>

Title: Regarding request to resumption of Kota-Hisar Express, Anand Vihar, Agartala Tripura Express and Harayana Express.

सुश्री सुनीता दुग्गल (सिरसा): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से यह आग्रह करना चाहती हूं कि बहुत अच्छे तरीके से आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते हुए तथा इकोसिस्टम का ध्यान रखते हुए हम लोग काम कर रहे हैं। कोरोना काल में कुछ ट्रेन्स को बंद कर दिया गया था। मेरा आपके माध्यम से माननीय रेलवे मंत्री जी से आग्रह है कि मेरे क्षेत्र में कोटा-हिसार एक्सप्रेस और आनंद विहार-अगरतला त्रिपुरा सुंदरी एक्सप्रेस, जिनको मेरे संसदीय क्षेत्र-सिरसा तक एक्सटेंड किया गया था, उनको रिज्यूम किया जाए। इसके साथ-साथ जम्मूतवी-जोधपुर एक्सप्रेस का स्टॉपेज मंडी डबवाली में दिया जाए। मैंने उनसे पहले भी रिक्वेस्ट की थी, तो उन्होंने कहा था कि पूरे इंडिया के अंदर हम लोग देख रहे हैं कि कहां पर स्टॉपेज होना चाहिए और कहां पर नहीं होना चाहिए। यह मेरी आपके माध्यम से उनसे रिक्वेस्ट है।

सभापति महोदय, इसके साथ-साथ मैं कहना चाहती हूं कि एलनाबाद-सादुलपुर सैक्शन में जयपुर-दिल्ली की कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए ट्रेन सर्विस बढ़ानी चाहिए। अंत में, मैं कहना चाहती हूं कि हरियाणा एक्सप्रेस के नाम से केवल एक ट्रेन पूरे हरियाणा में है। उसको वापस रिज्यूम किया जाए, इसके साथ-साथ उसमें आईसीएफ रैक्स लगाए जाएं, क्योंकि सिरसा में वह ऑड ऑवर्स में चलती हैं और ऑड ऑवर्स में ही वहां पर आकर रुकती हैं। अगर इसमें आईसीएफ रैक्स लगेंगे तो यात्रियों को यात्रा करने में थोड़ी आसानी होगी। मेरा संसदीय क्षेत्र कृषि प्रधान है। वहां के किसान भाइयों को इसका बहुत लाभ मिलने वाला है। अत: जितनी भी ट्रेन्स मैंने आपको बताई हैं, अगर इनको रिज्यूम कर दिया जाएगा, तो मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। धन्यवाद।